







# दोपहर तक आसमान से बरसती रही आग, शाम को झमाझम बारिश

## तापमान 39 .6 डिग्री, तेज आंधी से उड़े टीन टप्पर, सफाई व्यवस्था की खुली पोल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, प्री-मानसून की गतिविधियां तेज हो गई है पिछले कई दिनो से आसमान से आग बरस रही थी तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी बनी हुई थी. दोपहर तक तापमान 40 डिग्री पहुंच गया था और शाम को तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई. आंधी बारिश इतनी तेज थी कि टीन-टप्पर उड़ कर सड़क पर आ गये और कई लोगो के घरो के अंदर हवा के चलते पानी पहुंच गया.**



आधे घंटे की झमाझम बारिश ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी. अभी बरसात शुरू नही हुई प्री-मानसून की बारिश में ही मोहल्ले की नालियां उफान पर आ गई और लोगो के घरो के अंदर पानी घुस गया. सांई मंदिर के सामने घुठने तक पानी भरा रहा. इसके साथ ही सिरमौर चौराहा स्थित शराब दुकान के सामने घुठने तक पानी रहा. कई जगह पानी भर गया लेकिन बारिश थमने के साथ ही पानी निकल गया. जिस तरह से शहर की जल निकासी व्यवस्था एवं नाली सफाई की जा रही है उससे लग रहा है कि झमाझम बरसात आने पर जल भराव की स्थित बनेगी. कई जगह नालियों में अतिक्रमण है तो कई जगह नालियां बंद है. जिसके कारण पानी की निकासी नही हो पाती है. आधे घंटे की बारिश ने सभी तैयारियों की पोल खोल कर रख दी. सीवर लाइन के लिये जहा सड़क खोदी गई है वहा का रेस्टोरेशन सही तरीके से नही किया गया है जिसके कारण लोगो को परेशानी हुई और कीचड़ से निकलने को मजबूर रहे. जबकि महापौर एवं नगर निगम आयुक्त ने रेस्टोरेशन सही तरीके से करने के निर्देश दिये है पर कम्पनी द्वारा केवल खोदाई के बाद मिट्टी पाटी जा रही है.

### बारिश के बाद बढ़ी उसम भरी गर्मी

दिन भर तेज धूप के साथ भीषण गर्मी थी लेकिन शाम 4 .30 बजे तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई . उसके बाद भी उमस भरी गर्मी से राहत नही मिली, पानी गिरने के बाद उमस भरी गर्मी और बढ़ गई . दिन भर तेज धूप थी, चार दिन पूर्व प्री-मानसून की बारिश हुई थी उसके बाद सोमवार की शाम झमाझम बारिश हुई . पिछले तीन दिन से तापमान 39 .6 डिग्री पर बना हुआ है . दोपहर अधिकतम तापमान 39 .6 डिग्री रहा और रात का न्यूनतम तापमान 27 .5 डिग्री रहा . जिस तरह से पिछले तीन दिन से गर्मी थी उससे लग रहा था कि जल्द ही झमाझम बारिश होगी . 15 जून से मानसून दस्तक दे देता है लेकिन इस बार मानसून समय पर नही आएगा . प्री-मानसून की गतिविधियां तेज हो गई है . रात में भी गर्मी का असर बना रहा, पिछले तीन दिन से रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पर बना हुआ है .

### वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह

**रीवा, 15 जून,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है. उन्होंने कहा है कि जिले में प्री मानसून वर्षा शुरू हो गई है. शीघ्र ही वर्षाकाल शुरू हो जाएगा. वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं. अत: भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें. कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें. शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती हैं. पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं. दूषित खाद्य पदार्थ से दूर रहें ताजा भोजन लें.



# विश्वविद्यालय की छात्रा ने हॉस्टल में उठाया आत्मघाती कदम, हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय मे पढने वाली एमबीए छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में जान देने की नाकाम कोशिश की है. घटना के वक्त ऐन मौके पर पहुंची सहपाठी छात्राओं ने उसे आत्मघाती कदम उठाने से रोका और आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया है जहा छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है.**

घटना आज सुबह हास्टल की बताई गई है, जिस दौरान हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं में हडकंप मच गया है. हालाकि छात्रा ने यह आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश किन कारणों के चलते की है यह साफ नहीं हो सका है. फिलहाल घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुची है और मामले की जांच पडताल शुरु कर दी है. जानकारी के मुताबिक छात्रा अवधेश प्रताप सिह विश्वविद्यालय में एमबीए की स्टूडेट है और वह हॉस्टल में रहकर पढाई कर रही थी. बताया गया कि आज सुबह हास्टल के ही कमरे के भीतर छात्रा नें जान देने के इरादे से आत्मघाती कदम उठानें की कोशिश की तभी पहुंची सहपाठी छात्राओं ने उसे ऐसा करने से रोक दिया, लेकिन तब तक छात्रा अचेत हो चुकी थी, ऐसे में उसे आनन फानन में संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां फिलहाल उसका उपचार जारी है.

घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुचे है जिन्होने घटना से पूरी तरह अनभिज्ञता जताई है. वहीं मौके पर पहुची विश्वविद्यालय पुलिस नें घटना की जानकारी जुटाते हुये मामले की जांच शुरु कर दी है.

# चोरों ने घर में घुसकर दिया वारदात को अंजाम, एक को ग्रामीणों ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगेव में आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.**

इस दौरान घर के लोगों सहित ग्रामीणों की नींद खुल गई जिसके बाद एक चोर को पकड़ लिया गया जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए. मिली जानकारी के मुताबिक गंगेव निवासी राममिलन तिवारी के घर बीती रात्रि तकरीबन 2 बजे आधा दर्जन की संख्या में चोरों ने धावा बोला. इस दौरान दरवाजे के ताले तोड़कर घर के अंदर घुसे और अलमारी पेटी तोड़कर उसमें रखे सोने के जेवरात सहित 1500 रुपए नगदी पार कर दिए. इस दौरान घर में सो रहे लोगों की नींद खुल गई जिसके बाद हल्ला गुहार सुनकर ग्रामीण भी जाग गए और भाग रहे चोरों में से एक चोर को पकड़ लिया जबकि चार से पांच की संख्या में मौजूद उसके साथी फरार हो गए. ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना तत्काल गंगेव पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची डायलॉग 112 सुपुर्द पकड़े गए चोर को कर दिया गया है. बताया गया है कि चोरों ने घर से पेटी उठाकर तकरीबन 100 मीटर दूर ले गए थे जहां तोड़कर उससे सोने के जेवरात और 1500 रुपए नगदी पार कर दिए हैं पुलिस पकड़े गए चोर से पूछताछ कर रही है. कई चोरियों का खुलासा हो सकता है.

# बीच सड़क ई-रिक्शा चालक का हाईवोल्टेज ड्रामा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, रीवा शहर में एक ई रिक्शा चालक के हाईवोल्टेज ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है.**

नशे में धुत चालक नें कार सवार महिला से नोकझोंक के बीच रिक्शा को बीच सडक पर ही खडा कर दिया और सडक पर जाम लगा दिया. यहां सडक के बीच करीब 15 मिनट तक रिक्शा चालक हंगामा करता रहा, इस बीच लोग जाम में फंसे रहे लेकिन ना तो पुलिस पहुंची और ना ही ट्रैफिककर्मी. दरअसल यह वीडियो शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग कहे जाने वाले व्यंकट मार्ग का है. बताया गया कि आटो चालक और कार सवार महिला से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद चालक ने सडक के बीच रिक्शा खडा कर हंगामा किया.

## संक्षिप्त

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रीवा,** हनुमना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी शनि कुमार सहित उसकी महिला सहयोगी शकुन्तला को प्रयागराज यूपी से गिरफ्तार कर लिया है . 28 जुलाई 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी . आरोपी ने बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था जहा दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया था . पीड़िता के द्वारा बताये गये आधार पर आरोपी शनि कुमार वर्मा पिता कल्लू वर्मा निवासी प्रयागराज के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया . शादी का झांसा देकर आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था . पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था . आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी जिसे प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया . साथ में उसकी मौसी शकुन्तला को गिरफ्तार किया गया . पूंछताछ के बाद दोनो को न्यायालय में पेश किया गया .

### अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 27 जुलाई को

**रीवा,** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है . अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे . दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा . फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा . पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था . सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें .

### नहीं रहे अलाउद्दीन खान

**मऊगंज,** बेहतरीन व्यक्ति अलाउद्दीन खान मऊगंज ने 50 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है . बता दें कि अचानक तबियत बिगड़ने के बाद गम्भीर हालत में उन्हें इलाज के लिए रीवा ले जाया गया . जहां पर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद उन्होंने ने अपना प्राण त्याग दिया . समाजसेवी एवं पार्षद अन्नू खान ने कहा की हमने परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति हैं और एक अच्छे नेतृत्व को खो दिया है . अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरि हर शुक्ला ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अलाउद्दीन खान के निधन से बहुत दिनों तक उनकी रिक्तता महसूस की जाती रहेगी . अलाउद्दीन खान के निधन पर उनके निवास पहुंचे पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, एड ज्ञानेन्द्र सिंह, मकसूद खान, अरविन्द सिंह, महेन्द्र सिंह, अस्सु सिंह, प्रोफेसर अनवर खान, राम लाल मिश्रा,वारसी खान, मृत्युंजय चतुर्वेदी, हनीफ खान, सतीश द्विवेदी, शेख मुख्तार ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति मिले .

### वृंदावन गांव के रूप में चयनित हुआ पटेहरा गांव

**मऊगंज,** विकास खंड हनुमना अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवन पटेहरा में वृंदावन ग्राम के रूप में चयनित होने पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला रीवा के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक व मऊगंज के ब्लॉक समन्वयक अजय चतुर्वेदी के द्वारा एक अहम बैठक ली गई . जिसमें ग्राम पंचायत पटेहरा के सरपंच श्रीमती सुनीता पटेल, ग्राम रोजगार सहायक दीनानाथ पटेल, उपयंत्री आर . के . पटेल समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समाज सेवी डॉ . अर्जुन प्रसाद पटेल, पटवारी, आर . ए . ई . ओ . व नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा से अध्यक्ष श्रीनिवास पटेल ,सचिव मदनलाल कुशवाहा तथा संस्था के अन्य सदस्य गण, परामर्शदाता नागेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे .

### ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 तक

**मऊगंज,** जिले की शासकीय आईटीआई मऊगंज, नईगढ़ी एवं हनुमना में नवीन सत्र के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है . इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया है कि संभागीय आईटीआई के विभिन्न व्यावसायिक कोर्सेज में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदक अब ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट डीएसडी डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं . इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है . संस्था में संचालित विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं अथवा 10वीं उत्तीर्ण रखी गई है .

# नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय : राजेन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, कांग्रेस पार्टी की राज्यसभा की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निरस्त किया जाना केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय का मामला नही है, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार है.**




यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही. मीनाक्षी नटराजन के पर्चा की वैधता पर श्री शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33ए और फार्म 26 की व्यवस्था का उद्देश्य उन आपराधिक मामलों की जानकारी प्राप्त करना है जिनमे उम्मीदवार के विरूद्ध विधिवत आपराधिक कार्यवाही चल रही हो तथा कानून के अनुरूप आवश्यक प्रकटीकरण आपेक्षित हो. श्री शर्मा ने कहा कि जिस आधार को नामांकन निरस्त करने का कारण बनाया गया वह इन प्रावधानों की भावना और व्याख्या से मेल नही खाता है, यदि किसी उम्मीदवार के नामांकन को ऐसे आधारों पर निरस्त किया जायेगा तो भविष्य में किसी भी उम्मीदवार के लिये अनिश्चितता एवं मनमानी की स्थिति पैदा कर सकता है.

यदि इस प्रकार के अनर्गल आधारों पर विपक्षी दलों को चुनावी मैदान से बाहर किया जायेगा तो लोकतंत्र की व्यवस्था और विश्वसनीयता पर गम्भीर आघात पहुचेगा. कांग्रेस पार्टी का यह मानना है कि यह मामला केवल व्यक्ति का नही है वरन् यह संविधान की भावना, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का है. म0प्र0 कांग्रेस कमेटी प्रदेश की जनता को आश्वस्त करती है कि संविधान, लांकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा के लिये कांग्रेस पार्टी का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा.

# विंध्या डांस चैम्पियनशिप में कलाकारों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, डिसेंट डांस परिवार द्वारा कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित विंध्या डांस चैम्पियनशिप में विंध्य सहित उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया.**




प्रतियोगिता में रीवा के साथ-साथ सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, प्रयागराज, वाराणसी एवं सोनभद्र से आए प्रतिभागियों ने नृत्य कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी गुरमीत सिंह मंगू उपस्थित रहे. विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी गौरव तिवारी, पार्षद अकरम अंसारी, मनीष नामदेव, सूफिया बेगम, हिंदू धर्म परिवार के नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा, सुनील अग्रवाल, मयंक गोयल एवं श्रीप्रकाश तोमर मौजूद रहे. अतिथियों का स्वागत डिसेंट डांस परिवार के संचालक राजीव वर्मा, श्रीमती एकता वर्मा, संतोष जायसवाल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया. प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया.

### सीएफआरआर विषय पर कार्यशाला आज

**मऊगंज, 15 जून,** वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन विषय पर अवधारणा एवं प्रक्रिया के विषय में उन्मुखीकरण कार्यशाला 16 जून को अपरान्ह 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है. कार्यशाला में विभिन्न जानकारी दी जाएगी. जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है.

# करोड़ों की ठगी मामले में पति-पत्नी पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, रीवा में करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले स्कूल संचालक पति-पत्नी के खिलाफ मिले सबूत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी पति-पत्नी की तलाश शुरू कर दी गई है.**

कई महिला नेत्रियों का भी नाम सामने आया है जिसकी जांच पुलिस करेगी. यह मामला उस समय उजागर हुआ जब तकरीबन 100 से अधिक महिलाओं ने करोड़ों रुपए की राशि स्कूल संचालिका आकला सुल्ताना उर्फ नंदा के हवाले किया था और बाद में उन्हें धोखा मिला. एक लंबे समय से चल रहे इस धोखाधड़ी के मामले में शिकार हुई महिलाओं के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में धरना भी दिया गया. कई ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत भी किए गए जिसमें पैसे के लेनदेन के साथ-साथ ठगी करने पति-पत्नी के द्वारा चेक एवं अन्य दस्तावेज सबूत के तौर पर सौपे पर गए थे.

पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि इस मामले में करोड़ों रुपए की ठगी हुई है और जो साक्ष्य सामने प्रस्तुत किए गए उसमें भी करोड़ों रुपए के लेनदेन का मामला सामने आया. पुलिस अधिकारियों की निगरानी में चल रहे जांच के बाद समान थाने में आरोपी आकला सुल्तान उर्फ नंदा एवं उसके पति असलम के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है. हालांकि महिलाओं के द्वारा निरंतर किया जा रहे विरोध के बाद ही दोनों पति-पत्नी भूमिगत हो गए हैं.

# सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने की पूजा, पीपल में बांधा धागा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, सोमवती अमावस्या को सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की. इस बार सोमवती अमावस्या को सर्वार्थ सिद्ध योग अमृत सिद्ध योग रहा. पीपल वृक्ष में जल चढ़ाकर दीपक जलाया गया.**



सुबह से शिव मंदिरो में दर्शन के लिये जहा भीड़ रही. वही महिलाओं ने विधि विधान से सोमवती अमावस्या व्रत रखकर पूजन किया. आज सोमवार को सोमवती अमावस्या पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओ ने विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर उसकी परिक्रमा की. महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, पति की दीर्घायु और संतान के मंगलमय जीवन की कामना की. सुहागिन महिलाओं ने स्नान-ध्यान के बाद वट वृक्ष के नीचे दीप, रोली, अक्षत, फूल और मौसमी फलों से पूजा की. इसके बाद कच्चे सूत से वट वृक्ष को लपेटते हुए परिक्रमा की और भगवान विष्णु तथा माता सावित्री का स्मरण किया. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब अमावस्या तिथि सोमवार को पड़ती है, तो उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है. सनातन परंपरा में इस तिथि का विशेष महत्व है. किला सहित कोठी कम्पाउंड स्थित पीपल वृक्ष में महिलाओं ने पूजा अर्चना की.

# कारागारों में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय कारागार रीवा, उप जेल त्योंथर व उप जेल मउगंज में बंदियों हेतु ऑनलाईन माध्यम से योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया.**

योग कार्यकम 15 जून से प्रारंभ होकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक संचालित होगा. केन्द्रीय कारागार रीवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया. जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, जेल अधीक्षक सतीष उपाध्याय, जेल उपाधीक्षक संजीव गेंदले, श्याम सिंह कुशवाहा व जेल के बंदीगण द्वारा योग सप्ताह के शुभारंभ के उपरांत योग गुरु आदर्श पाण्डेय के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया.



वार्ड का निरीक्षण करते निगम आयुक्त अक्षत जैन

# निरीक्षण कर आयुक्त मौके पर देते हैं निर्देश पर नहीं होता निराकरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन सोमवार को विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर विकास कार्यो, पेयजल आपूर्ति, जलभराव क्षेत्र आदि का निरीक्षण कर स्थानीय लोगो से संवाद किया.**

साथ ही सामने आई शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये. यह बात और है कि आयुक्त के निर्देश के बाद भी निराकरण नही होता और समस्या बनी रहती है. सोमवार को वार्ड क्रमांक 27, 28, 29, 43, 44 एवं 45 का आयुक्त ने भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, नालियों की सफाई, सीवरेज लाइन, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं रोड रेस्टोरेशन कार्यों से संबंधित समस्याओं से निगम आयुक्त को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने वार्डों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. वार्ड 27 में भ्रमण के दौरान उन्होंने जर्जर सुलभ शौचालय को हटाकर उक्त भूमि पर नया प्रोजेक्ट विकसित करने के निर्देश दिए. वहीं अजब कुंवरी की बावड़ी में पार्क निर्माण के उपरांत उसे पुरातत्व विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा. पुलिस लाइन चैराहे के पास बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था के लिए जल निकासी डायवर्जन की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए. अन्य वार्डो में भी निरीक्षण के दौरान कमी मिली.